SUNDAY | 28.06.2020 उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

महानगर वर्ष 52 | अंक 162 | पृष्ठ : 22 | मूल्य : छह रुपये बरेली • 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

PAGE NO. 01: LEFT MIDDLE

जेईई मेन व नीट तय समय पर ही होंगे

मानव संसाधन विकास मंत्री ने कहा-इन्हीं के आधार पर ही आगे दाखिले

नई दिल्ली। जेईई मेन व नीट 2020 में अपने तय समय पर ही होंगे। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने शनिवार को कहा, फिलहाल स्थिति ऐसी विषम नहीं है कि इन परीक्षाओं का आयोजन नहीं किया जा सके।

निशंक ने यह भी कहा, हालांकि अंतिम निर्णय परिस्थितियों के आधार पर ही होगा। उन्होंने कहा, हजारों छात्र नेशनल अभ्यास टेस्ट एप से रोज हिंदी व अंग्रेजी माध्यम से मॉक टेस्ट दे रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि दोनों प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही आगे दाखिले होंगे। दरअसल, सीबीएसई की 10वीं व 12वीं कक्षा के बचे पेपर रद्द होने के बाद जेईई मेन और नीट भी निरस्त करने की मांग उठ रही है। ब्यूरो